तापमान

अधिकतम 27 .0 डिग्री
न्यूनतम 5 .6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 दिसंबर 2025

12 ऑनलाइन एफआईआर की पुरानी प्रकिया बहाल हो



12 स्थापना दिवस पार्टी की मजबूती की पहचान



## खबर संक्षेप

### बच्ची की मौत मामले में हत्या का केस दर्ज

**पानीपत।** इसराना थाना पुलिस ने सात वर्षीय विधि की मौत के मामले में उसके दादा पाले राम पुत्र हरी राम निवासी गांव भावड जिला सोनीपत हाल निवासी राम नगर कालोनी सोनीपत की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विधि अपने परिजनों के साथ पानीपत के गांव नौल्था में अपने रिश्तेदार अमन के विवाह समारोह में भाग लेने आए थे। एक दिसंबर को विधि का शव बाहर से कुंडी लगे कमरे में रखे पानी के टब में डूबने से मौत हुई थी।

### स्नेचिंग गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने स्नेचिंग करने वाले गिरोह के दो सदस्यों अंकुश पुत्र सुंदर लाल निवासी गांव मिर्जापुर व जगत सिंह पुत्र जयपाल निवासी गांव टिड्डू खेड़ा जिला शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से स्नेचिंग की दो वारदातों का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीने गए दो मोबाइल फोन बरामद किए है। इधर, थानेदार फूल कुमार ने बताया कि स्नेचिंग की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में विकास नगर निवासी जितेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शिक्षा आंदोलन के छह आरोपी कोर्ट से बरी

**पानीपत।** 134-ए निःशुल्क शिक्षा अधिकार से जुड़े ऐतिहासिक आंदोलन के दौरान थाना सिटी में आईपीसी की धारा 147,149,186, 283, 341 एवं 8ए नेशनल हाईवे एक्ट के तहत मामला में दर्ज केस की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी महेंद्र सिंह की अदालत ने मुख्य आरोपी सोकेन्द्र बालियान, सोनिया, राजकुमार, पूनम, राजेश कुमार और लाल सिंह को बरी कर दिया। जबकि इस केस में आरोपी आशा व बृजेश को अदालत पहले ही भगौडा घोषित कर चुकी है।

### मारपीट के मामले में तीन आरोपी दबोचे

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने जफर व केशव के साथ मारपीट के आरोपी इंडो फार्म निवासी कुबेर, इंडो फार्म भगत एंक्लेव निवासी भानू प्रताप व मलिक एंक्लेव निवासी दिव्याशु बक्शी को गिरफ्तार किया है। थानेदार महिपाल ने बताया कि इस केस में नलवा कॉलोनी उझा गेट निवासी जफर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### रिहायशी भवन से गहने चोरी करने वाला काबू

**शहजादपुर।** बंद घर से नकदी व जेवर चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उससे चोरी का सामान भी बरमाद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी अंकुश वासी बिलासपुर को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। राकेश कुमार ने शिकायत में बताया था कि 30 नवंबर को अपने घर का ताला लगा कर पत्नी, बच्चों के साथ शादी में गांव बड़ागढ़ गया था। वापस आया तो देखा कि घर के अंदर रखे जेवर व नकदी चोरी हो चुकी है।

कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जारी

# गीता महोत्सव से स्वरोजगार स्थापित करने वाले सेल्फ हेल्प ग्रुपों को मिली नई उड़ान

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव छोटे-छोटे शिल्पकारों व स्वयं का रोजगार स्थापित करने वाले लघु उद्यमियों के लिए भी एक मुख्य मंच बनकर सामने आया है और इसके माध्यम से उनके व्यवसाय को खुब बढ़ावा मिल रहा है।

महोत्सव में जहां विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्राप्त शिल्पकार अपनी शिल्पकला को प्रदर्शित कर रहे है, वहीं विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अपने-अपने छोटे-छोटे स्वरोजगार चलाने वाले समूहों ने भी अपने स्टॉल स्थापित किए गए है। अहम पहलू यह है कि महोत्सव में स्थापित स्टाल नंबर 833 पर देशी तरीके से कोल्हू के माध्यम से निकाला गया सरसों व नारियल का शुद्ध तेल भी उपलब्ध है, जिसकी बोतल को खोलने पर उसकी महक दूर तक जाती है। सरस्वती स्वयं सहायता समूह की उषा रानी ने ब्रह्मसरोवर के उत्तरी पश्चिमी छोर की तरफ अपना स्टॉल नंबर 833 स्थापित किया है। इस स्टॉल पर उनके पति मदन लाल उनका सहयोग कर रहे है। महोत्सव में स्थापित किए गए एक स्टॉल पर विभिन्न प्रकार के आचार और मुरब्बे मौजूद है। इस स्टॉल पर करीब 45 प्रकार के आचार और मुरब्बे उपलब्ध है। इसके साथ-साथ बेलपत्र, एप्पल, अमले, चेरी और गाजर के मुरब्बे, लहसुन अदरक की चटनी, आंवले की चटनी और आंवला कैंडी, आंवला व तिल के लड्डू भी पर्यटकों के लिए उपलब्ध है। इन अचारों में स्वदेशी स्वाद है और ये पूरी तरह से शुद्ध और जैविक मसाले का उपयोग करके बनते हैं, जिसमें कोई स्वाद वर्धक सामग्री नहीं है। इनमें कोई कैमीकल नहीं है, जिसकी वजह से यह लंबे वक्त तक स्वादिष्ट रहते है। इसके साथ-साथ विशेष रुप से खजूर के गुड़ से बना मीठा अचार, अलसी के लड्डू, ठंडे तेल में बना आम का अचार सहित कई प्रकार आचार व मुरब्बे उन्होंने महोत्सव में आने वाले पर्यटकों के लिए रखे है।

- राष्ट्रीय और राज्य पुरस्कार प्राप्त शिल्पकार कर रहे अपनी कला का प्रदर्शित



### स्वास्थ्य कैंप की सेवाएं जारी

**कुरूक्षेत्र।** यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी एवं देवी अहिल्याबाई होल्कर अनुसंधान विकास केंद्र द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर के तट पर बूथ नंबर 747 पर 21 दिवसीय ब्लड एवं स्वास्थ्य कैंप की सेवाएं जारी है। संस्था के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर झांसा ने बताया कि संस्था पिछले 25 वर्षो से रक्तदान की सेवाएं दे रही है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर 2017 से लगातार रक्तदान एवं स्वास्थ्य कैंप लगाकर जरूरतमंदों एवं थैलेसीमिया पीड़ितों के लिए रक्तदान मुहैया कराने का कार्य कर रही है। संस्था के नाम कई कीर्तिमान स्थापित है। इस संस्था को सरकार, विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है। संस्था के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर झांसा ने बताया कि रक्तदान शिविर बीएसएफ के स्थापना दिवस पर उनके सभी बीएसएफ कर्मियों को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर हुकम सिंह, जीतराम, डॉ रोशन लाल, राजेंद्र ग्रोवर, चरणजीत दबखेडा, सचिन पाल, गुरमेल सिंह ककराला, मनीष ककहेड़ी, एलएनजेपी की टीम कुरुक्षेत्र की तरफ से डॉ विनोद, डॉ दीक्षा, स्टाफ राजवींदर कौर, सुमित, नवीन, सुशील,जसबीर, रविन्द्र कश्यप, धर्मपाल, अजय, सोमवीर, यूनिक, श्रवण वालीया आदि मौजूद रहे।

### मुकुल की पेंटिंग की हो रही तारीफ



*कुरुक्षेत्र। व्यक्ति का जिस चीज में शौक हो, वहीं परवान चढ़ता है। बेशक मजबूरी में दूसरे रास्ते पर जाना हो लेकिन जहां मन होता है आखिर में व्यक्ति वहीं पंहुच जाता है। हरियाणा पैवेलियन में ललित कला विभाग के छात्र मुकुल की पेंटिंग सबको भा रही है। हरियाणा पैवेलियन में आने वाले प्रत्येक पर्यटक के कदम मुकुल की पेंटिंग को देखते ही सहसा थम जाते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा अंतराष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर हरियाणा पेवेलियन में देश-विदेशों से आये पर्यटकों को मुकुल की पेंटिंग अपनी ओर आकर्षित कर रही है। ललित कला विभाग के छात्र मुकुल ने बताया कि वे पहली बार हरियाणा पैवेलियन में अपना स्टाल लगा रहा है लेकिन यहां पर कला के बहुत कदरदान मिल रहे हैं और उसकी पेंटिंग की खूब तारीफ हो रही है। कक्षा बारहवी के बाद मुकुल ने दूसरे कोर्स में दाखिला ले लिया था लेकिन जहां व्यक्ति का मन होता है वह दायें-बायें भटककर वहीं रूकता है। उसने बीएफए में दाखिला लिया और पेंटिंग बनाना आरंभ कर दिया। थोड़े ही समय में उसकी कला में निखार आ गया और वह अब एक बड़े कलाकार की तरह संदेशों से युक्त खूबसूरत पेंटिंग बनाने लगा है। मुकुल ने बताया कि उसका मन है कि वह जीवन में इसी क्षेत्र में आगे बढ़े और कला को ही अपना कॅरियर बनाकर अपने शौक को पूरा करे। ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की सोच के तहत छात्रों को आगे बढ़ने का मौका दिया जा रहा है ताकि स्वावलंबी और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सके।*

### प्राकृतिक अगरबत्ती की सुगंध



*कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में भारत के कोने-कोने से आए शिल्पकारों की शिल्पकला व कलाकारों के लोक नृत्य ने एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया है। इन शिल्पकारों व कलाकारों द्वारा अपनी-अपनी शिल्प व नृत्य कला को बड़े ही अनोखे ढंग से पर्यटकों के सामने रखा जा रहा है। कोई कश्मीर की वादियों से वहां के पारंपरिक वस्त्र लेकर आया है, तो कोई पंजाब की फुलकारी, कहीं राजस्थान की मिठाई सजी है तो कहीं मध्य प्रदेश के व्यंजन। इन सभी के बीच हर घर-मंदिर को सुगंधित करने वाली अगरबत्ती भी अपनी महक महोत्सव में बिखेर रही है। अगरबत्ती का लघु कारोबार करने वाले संजय ने स्टॉल नंबर 789 पर बातचीत करते हुए कहा कि अगरबत्ती जिसके बिना हमारे भारत देश में पूजा अधूरी समझी जाती है। इसलिए श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह साफ-सफाई, प्राकृतिक समान और बिना किसी केमिकल का इस्तेमाल करके उनके द्वारा सुगंधित अगरबत्ती बनाई जाती है। उनके द्वारा कई प्रकार के फूलों का इस्तेमाल करके अगरबत्ती बनाई जाती है। इन अगरबत्तियों को बनाने में कस्तूरी का भी इस्तेमाल किया जाता है जो ठंड के मौसम में ज्यादा सुगंध देती है। वह पिछले कई साल से गीता महोत्सव में आ रहे है। इस महोत्सव में आकर उन्हें बहुत अच्छा लगता है। इस महोत्सव के माध्यम से उनकी अगर बतियों काफी अच्छी सेल हो जाती है। इस महोत्सव के साथ-साथ वह देश में विभिन्न स्थानों पर लगने वाले मेलों आदि में भी अपना स्टॉल स्थापित करते है। उनकी द्वारा तैयार की गई अगरबतियों की कीमत 30 रुपए से लेकर 150 रुपए तक है।*

पूर्णाहुति कार्यक्रम में पधारे सीएम

## गीता हमें कठिनाइयों का सामना करने के लिए सही मार्ग दिखाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतराष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह-2025 के उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित अठारह दिवसीय विश्व मंगल महायज्ञ की पूणार्हुति पवित्र गीता जयंती के अवसर पर गीता जन्मस्थली ज्योतिसर में वैदिक परंपरा से संपन्न हुई। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज एवं मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने संयुक्त रूप से विश्व मंगल महायज्ञ की पूणार्हुति की। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पूणार्हुति कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कहा गीता एक वैश्विक ग्रंथ है। गीता हमें जीवन की कठिनाइयों और दुविधाओं का सामना करने के लिए सही मार्ग दिखाती है।गीता का वैश्विक महत्व इसके सार्वभौमिक ज्ञान, आध्यात्मिक मार्गदर्शन, और नैतिक सिद्धांतों में निहित है जो व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देते हैं। मुख्य मंत्री नायब सिंह सैनी नें मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा किये जा रहे समजीज कार्यों की प्रशंसा किया। गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद ने पूणार्हुति कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा मातृभूमि सेवा मिशन श्रीमदभगवदगीता को समर्पित एक सामाजिक एवं आध्यत्मिक संगठन है। ज्योतिसर में मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा आयोजित विश्व मंगल महायज्ञ विश्व मंगल, विश्व शांति एवं वसुधैव कुटुंबकम की सद्भवाना कई निमित्त एक सार्थक प्रयास है। कुरुक्षेत्र संस्कृत वेद विद्यालय के आचार्य नरेश कौशिक ने वैदिक ब्रहचारियों के साथ विश्व मंगल महायज्ञ के पूणार्हुति कार्यक्रम को विधिवत सम्पन्न कराया।



### ससुरालियों से तंग आकर युवक ने आत्महत्या की

**नारायणगढ़।** अहमदपुर गांव के कर्मवीर (29) ने सल्फास निगलने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने कर्मवीर की मंगेतर सहित उसके परिवार पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। पुलिस ने डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंपा तो वे भड़क उठे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के के लिए दोपहर 4 बजकर 30 मिनट बजे मुख्य चौक पर शव वाली एंबुलेंस रोककर जाम लगा दिया। इसके बाद प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ललित कुमार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तो परिजनों ने जाम खोल दिया।

युवक के भाई निर्मल की शिकायत पर पुलिस ने मंगेतर पायल, उसके पिता नरेश पाल, भाई हिमांशु, पायल की बुआ, शिवम पर प्राथमिकी दर्ज कर ली।

## हाइवे पर जाम होने से प्रवासी महिला ने टैक्सी में दिया बेटी को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- डिलीवरी के बाद जच्चा-बच्चा स्वस्थ, डेराबस्सी नागरिक अस्पताल में दाखिल

अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे पर मंगलवार दोपहर एक महिला ने चलती टैक्सी में बच्चे को जन्म दिया। प्रसव पीड़ा बढ़ने के कारण डेराबस्सी सिविल अस्पताल पहुंचने से पहले ही यह घटना घग्गर पुल के पास हुई। बाद में टैक्सी चालक महिला और नवजात को तुरंत अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को स्वस्थ बताया।

यह घटना रामगढ़ भुड्डा इलाके में एयरपोर्ट रोड के पास एक निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में काम करने वाले बिहार के विनोद रविदास के परिवार के साथ हुई। विनोद की 25 वर्षीय पत्नी मनीषा गर्भवती थी। उनकी ड्यू डेट 14 दिसंबर थी। अचानक प्रसव पीड़ा तेज होने पर परिवार ने एंबुलेंस की बजाय उबर टैक्सी बुक की और मनीषा को डेराबस्सी सिविल अस्पताल ले जाने लगे।

हाईवे पर भारी ट्रैफिक जाम के कारण वाहन धीमी गति से चल रहे थे। इसी दौरान मनीषा की पीड़ा असहनीय हो गई और उन्होंने टैक्सी की पिछली सीट पर शोर मचाना शुरू कर दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए टैक्सी चालक ने घग्गर पुल पर गाड़ी रोक दी। टैक्सी रुकने पर ड्राइवर और पति विनोद नीचे उतर गए। टैक्सी में साथ बैठी एक रिश्तेदार महिला ने तुरंत मदद करते हुए मनीषा की डिलीवरी करवाई। लगभग 15 मिनट के भीतर बच्ची का जन्म हो गया। बच्ची के जन्म के बाद टैक्सी तुरंत डेराबस्सी सिविल अस्पताल पहुंची। अस्पताल की मेडिकल टीम ने मां और नवजात को अलग कर तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों ने पुष्टि की कि मनीषा ने एक बेटी को जन्म दिया है।

मां-बच्ची दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। एहतियातन उन्हें अस्पताल में भर्ती रखा गया है। इस घटना के बाद टैक्सी चालक और महिला के परिजनों की सूझबूझ की सराहना की जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने भी समय पर महिला को अस्पताल पहुंचाने के लिए टैक्सी ड्राइवर का धन्यवाद किया।

### प्लेस ऑफ सेफ्टी और झुग्गी क्षेत्र में सुविधाओं का जायजा लिया

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और प्राधिकरण की सचिव डा इरम हसन मंगलवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी पहुंचे। उन्होंने ज्यूविनायलों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। सीजेएम ने बच्चों को एड्स से बचाव हेतु सावधानियाँ, सम्मान अभियान तथा सामाजिक समरसता से जुड़े विषयों की जानकारी दी। इसके बाद वे झुग्गी क्षेत्र भी पहुँचीं, जहाँ बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई और उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया गया। पैरा लीगल वालंटियर डा नीना ने बच्चों को स्वच्छता, अच्छे स्वास्थ्य और नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।



### प्रॉपर्टी डीलर बनकर 5 लाख की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार

**करनाल।** थाना निसिंग पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर के नाम पर पांच लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियो दलबीर सिंह पुत्र रुपिंदर सिंह निवासी गांव काछवा, करनाल निशांत पुत्र सुशील कुमार निवासी देशराज कॉलोनी, पानीपत को काबू किया है। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता रमेश कुमार पुत्र शेर सिंह निवासी वार्ड 1 निसिंग की शिकायत पर 1 दिसंबर 2025 को दलबीर, निशांत व उनके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि आरोपियों ने अपना नाम बदलकर प्रॉपर्टी डीलर बनकर पांच लाख रुपए की धोखाधड़ी की। तफ्तीश के दौरान स्पष्ट हुआ कि आरोपियों ने झूठी पहचान बनाकर शिकायतकर्ता को ठगा और रकम हड़प ली। दोनों को आज गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से गहन पूछताछ के लिए एक दिन का पुलिस रिमांड मंजूर हुआ। पुलिस उम्मीद कर रही है कि रिमांड अवधि में पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा और अन्य साथियों के नाम भी सामने आएंगे।



बेटे की शादी से एक दिन पहले लापता हुआ था इंद्री निवासी रामलाल

## कलेसर जंगल में शव की तलाश में पहुंची पुलिस

- हत्या के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला करनाल की इंद्री थाना पुलिस मंगलवार को यमुनानगर के कलेसर जंगल में गांव नोरता निवासी रामलाल के शव की तलाश में पहुंची। मगर कलेसर जंगल से पुलिस को कोई शव बरामद नहीं हुआ। इंद्री थाना क्षेत्र के गांव नोरता निवासी रामलाल तीन दिन पहले अगवा कर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रखा है। पुलिस आरोपियों को लेकर शव की तलाश में यमुनानगर के कलेसर जंगल पहुंची थी। जानकारी के अनुसार 65 वर्षीय रामलाल के बेटे की शादी थी। शादी के लिए उनके घर पर मंढे का कार्यक्रम था। घर पर मेहमान आए हुए थे। सुबह अचानक रामलाल घर से लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शाम को इंद्री थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई गई। क्योंकि रामलाल घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तय कार्यक्रम के अनुसार अगले दिन बारात निकाली और शादी पूरी कर ली। इंद्री थाना प्रभारी विपिन के अनुसार शनिवार को थाने में रामलाल के परिजनों ने उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

### क्या कहते हैं प्रतापनगर थाना प्रभारी

*थाना प्रतापनगर के प्रभारी नर सिंह ने बताया कि इंद्री पुलिस के क्षेत्र में आने का पता चला है। कलेसर जंगल से कोई शव मिलने की सूचना नहीं है। फिर भी कलेसर जंगल के आसपास पुलिस टीम शव की तलाश में जुटी है।*

### सीसीटीवी में दिखाई दिया

शिकायत के आधार पर उन्होंने गांव में लगे एक सीसीटीवी कैमरा में देखा। रामलाल गांव के ही युवक आबिद के साथ बाइक पर पीछे बैठकर जाता दिखाई दे रहा है। इस मामले में पुलिस ने आबिद को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह रामलाल को शराब की पेटी दिलाने के बहाने ठेके पर लेकर गया था और वहां से उसका अपहरण कर कलेसर लेकर आया। जहां पर अपने एक साथी के साथ मिलकर गमछा की मदद से रामलाल की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव जंगल की तरफ फेंक दिया। आरोपी बीच बीच में अपने बयान बदल रहा है। आरोपियों ने रामलाल की हत्या क्यों की अभी यह भी वह नहीं बता पाए हैं।

### सट्टा खाईवाली करते पर्चियों सहित 4 काबू

**करनाल।** जिला पुलिस ने अवैध सट्टेबाजी के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर चार आरोपियों को नकदी व पर्चियों सहित काबू किया है। पहली टीम ने इंदिरा कॉलोनी के एक खाली प्लॉट से दो आरोपी सुरेंद्र पुत्र काशीराम, निवासी सैनी कॉलोनी शंकर पुत्र राम प्रकाश, निवासी शुगर मिल को सट्टा पर्चियों के साथ पकड़ा। इनके कब्जे से 14,470 रुपये मिले। दूसरी टीम ने हांसी चौक से दो आरोपी विशुजीत पुत्र सुजीत प्रसाद सुरेश कुमार पुत्र हरिद्वारी लाल को 22,807 रुपये की नकदी और पर्चियों सहित गिरफ़्तार किया। चारों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## दो दोस्तों को कार में अगवा कर मारपीट

- पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** विष्णु नगर जगाधरी वर्कशॉप निवासी जतिन व उसके दोस्त विवेक को कुछ युवकों ने कार में अगवा कर उनके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। घायल युवकों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जतिन ने फरकपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले अंशपासी, लेहरी, शिवा, चेतन पासी व अभय संधू के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। 23 नवंबर को शाम सात बजे वह अपने दोस्त विवेक के साथ विष्णु नगर क्षेत्र में गया था। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और उनके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी उन्हें कार में अगवा करके अपने साथ राम नगर में ले गए। जहां फिर से आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। उन्होंने घटना के बारे परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्मा कुमारीज की ओर से किया जा रहा कार्यक्रम

**घरौंडा।** ब्रह्मा कुमारीज घरौंडा की ओर से एक बहुत विशाल आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,आश्रम क़ी मुख्य संचालिका रेणु बहन ने बताया की कार्यक्रम में घरौंडा के इतिहास मे पहली बार माउट आबू क़ी पावन धरा से सांसारिक समस्याओ का आध्यत्मिक समाधान हेतु अंतराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता राजयोगी ब्र कु सूरज भाई घरौंडा नई अनाज मंडी में 7 दिसम्बर रविवार 11 बजे आ रहे हैं,राजयोंगा शिक्षका माउट आबू राजयोगिनी बी के गीता देवी पधार रही हैं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण होंगे।



**करनाल।** बच्चों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते ट्रस्ट पदाधिकारी।

### अनाथालय के बच्चे गीता महोत्सव में हुए शामिल

**करनाल।** श्रद्धानंद अनाथालय में रहने वाले बच्चों का दल मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुआ। अनाथालय ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बच्चों को हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस अवसर पर ट्रस्ट प्रधान बलदेव राज सिंगला, महाप्रबंधक गोपीनाथ शर्मा और महामंत्री कर्णवीर आर्य मौजूद रहे। गोपीनाथ शर्मा ने बताया कि अनाथालय के बच्चों को हर वर्ष धार्मिक स्थलों पर भ्रमण के लिए ले जाया जाता है, ताकि बच्चे भारतीय संस्कृति और धार्मिक ऐतिहासिक धरोहरों को समझ सकें। महोत्सव में बच्चे सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से गीता के संदेश से भी रूबरू होंगे।

### योग कक्षाओं में शुरू हुआ विशेष वेट लॉस चैलेंज

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत विशेष वेट लॉस चैलेंज 1 दिसंबर से प्रारंभ हुआ है। यह प्रतियोगिता तीन माह तक चलेगी और सबसे अधिक वजन कम करने वाले प्रतिभागी को पुरस्कृत किया जाएगा। मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस चैलेंज में मिशन के सभी योग केंद्रों के साधक शामिल हैं। 1 दिसंबर को सभी प्रतिभागियों का वजन दर्ज किया गया ताकि उनकी प्रगति को नियमित रूप से परखा जा सके। किसी भी आयु वर्ग का व्यक्ति इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

### श्रीशिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव 8 को

**थानेसर।** समस्त सांई परिवार कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में 8 दिसंबर को श्री शिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर मेहर सिंह मलिक की अध्यक्षता में सांई परिवार के सदस्यों की बैठक सैक्टर 7 स्थित श्री सत्य सांई मंदिर में आयोजित की गई जिसमें विचार विमर्श किया गया। बैठक का संचालन करते हुए डॉ.विजय शर्मा ने बताया कि श्री सांई बाबा संस्थान ट्रस्ट शिरडी के तत्वावधान में श्री शिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव आयोजित किया जा रहा है।

## बुद्धा ग्रुप में नेशनल एजुकेशन में समिट का किया आयोजन

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को दिया राइजिंग स्टार सम्मान

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि करनाल नगर निगम की महापौर रेनू बाला गुप्ता रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

भगवती वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित नेशनल एजुकेशन समिट 4.0 तथा राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार 2025 का भव्य आयोजन बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। देशभर से आए 165 प्रतिभागियों—शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्यार्थियों, प्रोफेशनल्स व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इसमें सहभागिता की।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि करनाल नगर निगम की महापौर रेनू बाला रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जिला शिक्षा अधिकारी ज्योत्स्ना मिश्रा, चेयरमैन मेधा भंडारी, जिला जनरल अटॉर्नी संदीप चौहान, एएसआई व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक कुमार वर्मा, तथा वक्ता शेली बिध व मसूदा यास्मीन शामिल रहे। बुद्धा ग्रुप के निदेशक नितेश गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राइजिंग स्टार सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय गरिमा पुरस्कार उन शिक्षकों, संस्थान प्रमुखों, चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रदान किए गए जिन्होंने शिक्षा और समाज सेवा में विशेष योगदान दिया। बुद्धा ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिनव गुप्ता ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण की दिशा में तैयार करना है। उन्होंने बताया कि समूह में आधुनिक शिक्षण प्रक्रिया, डिजिटाइज्ड कक्षाएं, व्यवहारिक शिक्षा और उद्योग आधारित प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता है।



**करनाल।** बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

### बुद्धा ग्रुप की असली शक्ति उसके विद्यार्थी

निदेशक नितेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बुद्धा ग्रुप की असली शक्ति उसके विद्यार्थी और उसकी समर्पित टीम है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में 2000 से अधिक विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण, स्टार्टअप मार्गदर्शन, सामाजिक अभियानों तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर दिए गए। विद्यार्थियों द्वारा मास्क वितरण, पुस्तक दान, रक्तदान शिविर, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और जल संरक्षण ड्राइव जैसे सामाजिक प्रकल्पों में सक्रिय भागीदारी की गई। अंत में भगवती वेल्फेयर सोसाइटी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं का धन्यवाद किया। आयोजन को सफल बनाने के लिए बुद्धा ग्रुप के निदेशक नितेश गुप्ता और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिनव गुप्ता का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

# जनसुनवाई में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने सुनीं शिकायतें, मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

महापौर रेनू बाला गुप्ता ने नगर निगम कार्यालय में आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए जनसुनवाई की अध्यक्षता की। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं, जिन्हें मेयर ने एक-एक कर सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, अतिक्रमण और सफाई से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि किसी को अनावश्यक परेशानी न झेलनी पड़े। मेयर ने कहा कि शिकायत लेकर आने वाले लोग अपनी समस्या लिखित रूप में दें और मोबाइल नम्बर जरूर लिखें, ताकि कार्य पूरा होने की जानकारी उन्हें दी जा सके। उन्होंने इंजीनियरों को विशेष रूप से सड़क के गड्ढे भरने, सीवरेज चोक, बरसाती पानी निकासी पाइप लाइन तथा स्ट्रीट लाइटों की खराबी से जुड़ी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए गए कि शहर की स्वच्छता प्रणाली में कोई लापरवाही न हो और बाजारों में अतिक्रमण न होने दिया जाए।


**करनाल।** समस्याएं सुनते हुए महापौर रेनू बाला गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### टोल फ्री नम्बर 14420 करें शिकायत

मेयर ने बताया कि किसी भी स्थान पर कूड़ा-कचरा दिखाई देने पर नागरिक स्वच्छता एप या ई-समाधान पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। सीवरेज व जलापूर्ति से संबंधित शिकायतें टोल फ्री नम्बर 14420 पर की जा सकती हैं तथा स्ट्रीट लाइट खराब होने पर 01842200600 पर सूचना दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का निवारण तय समय

# कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



- बैठक में नए पुराने मुददों पर होगी विस्तार से चर्चा

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज दोपहर 2.30 बजे पंचायत भवन करनाल में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के लोक निर्माण तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे। इस बैठक में छह पुराने और सात नए मामलों पर चर्चा की जाएगी, जिनमें पुलिस, पंचायत, बिजली विभाग, प्रदूषण, कृषि, श्रम, शिक्षा, शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम और बैंकिंग से संबंधित शिकायतें शामिल होंगी। उपायुक्त ने बताया कि बैठक में समिति के सभी मनोनीत सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता हरियाणा के लोक निर्माण तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा करेंगेञ

# बीएड छात्राध्यापिकाओं ने प्रेम नगर स्कूल में फूड स्टॉल लगाकर बढ़ाया उत्साह

- छात्राओं तथा शिक्षकों ने फूड स्टॉल का आनंद लिया और छात्राध्यापिकाओं के व्यंजनों की सराहना की


**तरावड़ी।** शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद बीएड की छात्राध्यापिकाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

डॉ. गणेश दास डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय, करनाल की बीएड छात्राध्यापिकाओं ने अपने शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, प्रेम नगर में फूड स्टॉल का आकर्षक आयोजन किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. राजविन्द्र कौर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस गतिविधि का उद्देश्य छात्राओं में संगठन क्षमता, कौशल प्रबंधन, रचनात्मकता और टीमवर्क को विकसित करना था। छात्राध्यापिकाओं ने स्टॉल पर स्वच्छता, अनुशासन, सहयोग और व्यवहारिक शिक्षा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की छात्राओं तथा शिक्षकों ने फूड स्टॉल का आनंद लिया और छात्राध्यापिकाओं द्वारा प्रस्तुत व्यंजनों व उनकी प्रस्तुति की सराहना की।

### प्राचार्या ने छात्राओं की गतिविधियों को सराहा

विद्यालय की प्राचार्या संदीप कौर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ भविष्य के शिक्षकों को विद्यालयीन वातावरण का व्यावहारिक अनुभव देती हैं। महाविद्यालय की छात्राध्यापिकाओं ने कहा कि यह अनुभव उनके आगामी शिक्षक-जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में यह भी संकल्प लिया गया।

# गीता भगवान श्रीकृष्ण की वाणी को जन जन तक पहुंचाने का माध्यमः राकेश गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

शांतिवन गौशाला के प्रधान राकेश गर्ग ने कहा कि पवित्र गीता ग्रंथ पूरी दुनिया को अध्यात्म और दार्शनिक तरीके से देखना-समझना सिखाता है, जिंदगी को जीना सिखाता है। हम - अपने जीवन और उसके उदेश्यों को लेकर कई तरह के प्रश्नों से जूझते रहते है, लेकिन यह पवित्र ग्रंथ हमें हर प्रश्नों का जवाब बहुत अच्छे तरीके से देता है। यह ज्ञान हर मनुष्य के लिए जरूरी है। पवित्र ग्रंथ गीता में कहा गया है कि चिंता चिता के समान है। उद्योगपति और समाजसेवी राकेश गर्ग ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता विश्व का एक महान ग्रंथ है। इस ग्रंथ में कहे गए एक एक श्लोक में मानवता के लिए कुछ ना कुछ है इसलिए अपने जीवन को सफल बनाने और सही मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में पवित्र ग्रंथ गीता के श्लोकों को धारण करना चाहिए। इस ग्रंथ के प्रत्येक श्लोक को स्मरण करने से मन को अध्यात्मिक शांति का अनुभव होता। उन्होंने कहा कि आज के समय में तनाव के कारण तरह-तरह की बीमारियां से मनुष्य ग्रस्त हो रहा है।


**तरावड़ी।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए शांतिवन गौशाला के प्रधान राकेश गर्ग व मुकेश गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

### पवित्र ग्रंथ गीता का ज्ञान बड़ा ही लाभकारी

ऐसे में पवित्र ग्रंथ गीता का ज्ञान बड़ा ही फायदेमंद है। विश्व में गीता की पूजा हो रही है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता का जो संदेश दिया था, गीता के उस सार को सभी को अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। इस देश की संस्कृति, संस्कारों और इतिहास को जानने के लिए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को मोह से मुक्ति दिलाने के लिए दिए गए गीता के उपदेशों को धारण करने की जरूरत है। आज संस्कृति, संस्कार और इतिहास को जानने के लिए गीता के उपदेशों को अपने जीवन में धारण करने की जरूरत है। इस दौरान समाजसेवी मुकेश गर्ग भी मौजूद रहे।

# करनाल में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

- विद्युत सदन, सर्कल कार्यालय सेक्टर 12 में बिजली उपभोक्ता शिकायतों की सुनवाई होगी

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के स्थानीय परिचालन परिमंडल के अधीक्षक अभियंता ने बताया कि 3 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे विद्युत सदन, सर्कल कार्यालय सेक्टर 12 में बिजली उपभोक्ता शिकायतों की सुनवाई आयोजित की जाएगी। सुनवाई का संचालन जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम पंचकूला के अध्यक्ष करेंगे। जिन उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा स्थानीय अधिकारी नहीं कर पाए हैं, वे अपना मामला सीधे फोरम के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन मामलों पर न्यायालय में विचाराधीन कार्यवाही चल रही है या जिनकी शिकायत दो वर्ष से अधिक पुरानी है, वे सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार बिजली चोरी से संबंधित मामलों की सुनवाई भी फोरम में नहीं की जाएगी।

# करनाल का गौरव बढ़ायाः राजेश खन्ना ने मास्टर्स एथलेटिक्स में जीते तीन पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के होनहार एथलीट और भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त राजेश खन्ना ने 47वीं चंडीगढ़ मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। 30 नवंबर को सेक्टर 7 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में उन्होंने 50 वर्ष आयु वर्ग में भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में राजेश खन्ना ने 100 मीटर दौड़ – स्वर्ण पदक, 200 मीटर दौड़ – रजत पदक, 400 मीटर दौड़ – रजत पदक हासिल किए। उनकी यह उपलब्धि करनाल के लिए गर्व का विषय बनी। राजेश खन्ना ने साबित किया कि मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण से उम्र कभी भी लक्ष्य के आड़े नहीं आती। जिले के खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।


**तरावड़ी।** पदक विजेता का सम्मान करते आसोजक। *फोटो : हरिभूमि*

# रिटायर्ड कर्मचारी संघ की आम सभा चार को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

- कार्यक्रम मानव सेवा संघ हाल में सुबह 10 बजे शुरू होगा
- 75 वर्ष से अधिक आयु वाले सदस्यों का सम्मान होगा

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक करनाल की ओर से चार दिसंबर को आम सभा और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मानव सेवा संघ हाल में सुबह 10 बजे शुरू होगा।

यह जानकारी संघ के प्रेस सचिव धीरज सिंह रावत ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 75 वर्ष से अधिक आयु वाले सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। संघ के सदस्यों और विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारियों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सदस्य एक-दूसरे के सुख-दुख भी साझा कर सकेंगे।



# अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा/करनाल

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला फरीदपुर घरौंडा में शिक्षा विभाग द्वारा अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। विद्यालय प्रमुख सुभाष ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे विद्यार्थियों को खेल-खेल में शिक्षा देना, उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ाना और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को आकृति पहचान, रुपए का ज्ञान, समय की समझ, अंकों का अभ्यास सहित कई गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। बच्चों ने टीएलएम के माध्यम से विविध आकृतियाँ और मॉडल बनाकर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर हेड टीचर सुभाष, हरदीप मलिक, कुलदीप मलिक, सुभाष रोड, मनोज रावल और सतनाम सहित सभी अध्यापकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## दोपहिया वाहन चालकों के लिए भारी परेशानी

# पुलिया की टूटी दीवार, हादसे का बढ़ा खतरा लोहे की रेलिंग लगाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

अनाज मंडी के सामने स्थित गांव कुडक को जाने वाली सडक़ के मोड़ पर बरसाती ड्रेन की पुलिया की टूटी दीवार दोपहिया वाहन चालकों के अधिक खतरनाक होती जा रही है। इस मोड़ पर वाहन चालको के लिये इस स्थान पर दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत देने के बावजूद संबंधित विभाग इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा, जिससे लोगों में भारी रोष दिखाई दे रहा है।

ग्रामीण राजिन्द्र सिंह, हरी चन्द, सीता राम, और सुल्तान सिंह ने बताया कि लल्याणी रोड पर अनाज मंडी के सामने स्थित यह तीव्र मोड़ रोजाना भारी यातायात वाला क्षेत्र है। इस पुलिया पर ईटों से बनी दीवार बार बार टूट जाती है। अब दुबारा पुलिया की दीवार लंबे समय से टूटी हुई है, जिसके कारण कई भारी वाहन चालक अपना संतुलन खोकर इस ड्रेन में गिर चुके हैं। रजवाहा कई हिस्सों से टूटा हुआ और काफी गहरा हो चुका है, जिससे हादसों की आशंका और भी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित विभाग ने इस तीव्र मोड़ पर आज तक कोई गति अवरोधक (स्पीड ब्रेकर) भी नहीं बनाया है। तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। आने वाले समय मे सर्दियों में धुंध बढने के साथ बड़ा हादसा होने का भय और गहरा गया है। यह मार्ग लल्याणी, चौपड़ी, कुडक़, काछवा सहित कई गांवों को जोडऩे वाला मुख्य रास्ता है, जिस पर दिन-रात वाहनों का आवागमन रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि टूटी दीवार को लेकर कई बार विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ है।


**तरावड़ी।** कुड़क को जाने वाली सडक़ पर पुलिया की टूटी हुई दीवार।


**नीलोखेड़ी।** पौधरोपण करते संस्थान के निदेशक डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान व अन्य।

### 60 दिवसीय पौधरोपण अभियान की शुरुआत

**नीलोखेड़ी/करनाल।** राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में 60 दिवसीय प्रदूषण नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम भोपाल गैस त्रासदी में शहीद हुए चार हजार से अधिक नागरिकों को श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित रहा। संस्थान के निदेशक डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया गया और इसके बाद कचनार व सहजन के पौधे लगाकर अभियान का आगाज किया गया। डॉ चौहान ने बताया कि आगामी 60 दिनों में संस्थान परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग पर्यावरण अनुकूल गतिविधियाँ आयोजित होंगी। गीले–सूखे कचरे का अलग निस्तारण, आवासीय परिसर की सफाई, नगर पालिका के सहयोग से ड्रेन क्षेत्र की सफाई तथा सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना अभियान का मुख्य हिस्सा रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं, बल्कि हर नागरिक को इसमें अपनी भूमिका निभानी होगी। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों संदीप भारद्वाज, सुशील मेहता, कमलदीप सांगवान और वजीर सिंह दुहन ने भी अपने विचार रखे। अन्त में सभी उपस्थितजन को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## खबर संक्षेप

### योग से शरीर रहता है निरोग

**पानीपत।** जिला सचिवालय सभागार में चल रहे योगा प्रशिक्षण शिविर में सभी अधिकारी व कर्मचारी नियमित रूप से भाग लेकर योगासन करें, यह निर्देश उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने देते हुए कहा कि योग करने से शरीर को सकारात्मक उर्जा मिलती है और शरीर स्वस्थ्य रहता है। वहीं, योगा विशेषज्ञ नीलिमा ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि मन, शरीर और आत्मा को संतुलित करने की वह वैज्ञानिक प्रक्रिया है।

### श्लोक गायन में साक्षी प्रथम

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बडौली में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के तहत हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में आर्यन व सावन प्रथम, खुशी शर्मा व राधिका द्वितीय, शिवम व मनीष ने तृतीय, स्लोगन लेखन में पावनी व वंश प्रथम, मीनाक्षी व पायल द्वितीय, खुशी व रिया तृतीय, प्रियांशु व हरमन ने सांत्वना पुरस्कार मिला। जबकि श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, वंश द्वितीय और तनीषा ने तृतीय रहे।

### चुलकाना धाम में बाबा श्याम के दर्शन करवाए

**पानीपत।** बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को चुलकाना धाम में बाबा श्याम के दर्शन करवाए गए। वहीं श्रद्धालुओं लेकर रवाना हुई बस को राजेंद्र सैनी, इनकी धर्मपत्नी कृष्ण सैनी, पुत्र सुशील सैनी ने रवाना किया। इस अवसर पर समिति के प्रधान पवन कंसल, विनोद पांचाल, मोहन लाल, धर्मेंद्र इंसा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, ललित मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### भंड़ारे के लिए तीन लाख रुपये दिए

**पानीपत।** संयुक्त सैन समाज धर्मशाला एवं मंदिर परगना 360 ट्रस्ट इदगाह कॉलोनी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। वहीं, सैनी समाज के लोगों ने संत शिरोमणि सैन महाराज की जयंती पर आयोजित होने जा रहे भंडारे के लिए तीन लाख दस हजार रुपये दान किए ।

### वृंदावन ट्रस्ट की बैठक हुई

**पानीपत।** वृंदावन ट्रस्ट की ओर से आयोजित वार्षिक श्री श्याम ध्वजा यात्रा अबकी बार 21 फरवरी को चुलकाना धाम के लिए आयोजित होगी। वहीं, श्याम मंदिर सेवा समिति चुलकाना धाम के प्रधान रोशन लाल, सचिव प्रवीण सिंगल, वृंदावन ट्रस्ट के प्रधान राकेश बंसल, महासचिव हरीश बंसल, राकेश बंसल, विकास गोयल, पुनीत गर्ग, वरुण सिंगला, इशू गोयल, जोगिंद्र कुंडू, बलदेव गांधी ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित यात्रा में शामिल होने की अपील की।

### छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण किया

**पानीपत।** कला, संस्कृति एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल द्वारा के विद्यार्थियों के लिए गुड़गांव स्थित रंग मंच फार्म हाउस का शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। उपरोक्त प्राचार्या अलका शर्मा ने देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, संचार कौशल और आत्म अभिव्यक्ति को विकसित करते है।

### पुलिस की हॉट स्पॉट पॉइंट्स पर कड़ी नजर

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की हॉट स्पॉट पॉइंट्स पर कड़ी नजर है। वहीं, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा नशे और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत ऐसे सभी इलाकों को लगातार मॉनिटर किया जाएगा, अपराध की आशंका अधिक रहती है। इससे न केवल आपराधिक तत्वों में भय उत्पन्न होगा, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत होगी। अभियान निरंतर जारी रहेगा, किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### श्रीशिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव 8 को

**थानेसर।** समस्त सांई परिवार कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में 8 दिसंबर को श्री शिरडी सांई बाबा चरण पादुका दर्शन उत्सव आयोजित किया जा रहा है।

## धर्मेंद्र को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी

# कामयाब होने पर भी धर्मेंद्र की तरह जमीन से जुड़ाव रखें : डॉ. नैन

धर्मेंद्र ने फिल्मों से जाने से पहले पानीपत के समालखा में बिजली विभाग में नौकरी की

*धर्मेंद्र ने अपने 65 वर्ष के फिल्मी जीवन में 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और जनता को स्वास्थ्य रहने व नेक इंसान बन कर देश, समाज व मानवता की सेवा का संदेश दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के पदाधिकारी अभिनेता ही-मैन धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के भारतीय हिंदी सिनेमा के सबसे रोमांटिक हीरो रहे ही-मैन धर्मेंद्र की याद में श्रद्धांजलि सभा कर उन्हें नमन किया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि हिंदी सिनेमा के ही-मैन धर्मेंद्र का फिल्मों के साथ साथ खेतीबाडी व हरियाणा से गहरा नाता रहा है। धर्मेंद्र ने फिल्मों से जाने से पहले पानीपत के समालखा में बिजली विभाग में नौकरी की थी। वहीं, धर्मेंद्र का हरियाणा से विशेष लगाव रहा है। कामयाब होने पर भी धर्मेंद्र की तरह जमीन से जुडाव रखें। वहीं, धर्मेंद्र ने अपने 65 वर्ष के फिल्मी जीवन में 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और जनता को स्वस्थ्य रहने व नेक इंसान बन कर देश, समाज व मानवता की सेवा का संदेश दिया। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सुरेश सिरोही जैलदार ने धर्मेंद्र को देश की जनता बहुत ही स्नेह करती रही। वहीं फिल्मों में धर्मेंद्र का दौर सदा रहा और वे सदाबहार हीरो के रूप में हिंदी व पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में जमे रहे। सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद धर्मेंद्र ने खेतीबाडी कर यह साबित किया कि वे माटी के सच्चे लाल है। वहीं सांसद के रूप में उन्होंने बीकानेर की जनता की तन,मन, धन से सेवा की। श्रद्धांजलि सभा में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के प्रधान महासचिव जयबीर ढांडा, राष्ट्रीय सचिव अमृतलाल नांदल, प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम मानस, राष्ट्रीय महासचिव मनोज चहल, डॉ. अश्विनी गोयत, डॉ. रमन लोहान, संदीप समेत प्रदेश भर से आए गणमान्य जाटों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

# दानपुण्य करने से मिलती है सुख समृद्धि : पंकज



समालखा। मां वैष्णो सेवा समिति के पदाधिकारी भंडारे का पोस्टर जारी करते हुए।

- भंडारे में लगभग 40 से 50 सेवादार समालखा से कटरा जाएंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

मां वैष्णो सेवा समिति के संस्थापक सदस्य पंकज अरोड़ा गोल्डी ने बताया कि हर नागरिक को सामर्थ के अनुसार दानपुण्य करना चाहिए। वहीं समिति की ओर से गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 23वां विशाल भंडारा प्राचीन शिव मंदिर बाणगंगा रोड कटरा पर समस्त भक्तों के सहयोग से लगाया जाएगा। यह भंडारा 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक लगेगा। मीटिंग में सभी सेवादारों की ड्युटियां लगाई गई। भंडारे में लगभग 40 से 50 सेवादार समालखा से कटरा जाएंगे। भंडारे की गाड़ी 29 दिसंबर को सुबह 9 बजे संस्था कार्यालय पंकज गोल्डी की दुकान रेलवे रोड से कन्याओं का पूजन करके हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाएगी। इस अवसर पर सुभाष, नरेश गिरधर, अरुण गोयल व सनी नंदवानी मौजूद रहे।

## साधु महात्माओं ने इंग्लैंड में बने प्रसिद्ध श्रीराम मंदिर के किए दर्शन

**पिहोवा।** इंग्लैंड के साउथ हाल में बने प्रसिद्ध श्रीराम मंदिर में भगवान श्री राम जन्म भूमि अयोध्या व योगेश्वर श्री कृष्ण की जन्मभूमि बृन्दावन से गये साधु महात्माओं ने दर्शन किए। मंदिर ट्रस्ट की और जय शर्मा व गुल्लू आंनद व अन्य पदाधिकारियों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। महात्माओं के शिष्टमंडल ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को संभालने व धर्म प्रचार प्रसार करने के लिये ट्रस्ट को साधुवाद दिया और उम्मीद जताई कि वे निरंतर अपने प्रयास से विदेशों में धर्म ध्वजा फहराते रहेंगे। महंत महेंद्र दास व आचार्य अभिरामा ने बताया कि उनका दल भगवान श्रीराम के आदर्शों का विदेशों में में प्रचार कर रहा है। जैसे अयोध्या में श्री राम मंदिर के ऊपर घर्म ध्वजा लगाई गई है ऐसी ही अपने घरों पर लगायें या अपने प्रतिष्ठान पर जरूर रखे। कोई भी हिंदू व सनातनी धर्म परिवर्तन ना करे। पूरे विश्व मे सनातन संस्कृति उत्तम है। उन्होंने सभी सगठनों को अयोध्या नगरी में भी आमंत्रित करता है। ताकि वे इस पवित्र जन्म भूमि के दर्शन कर सके। उन्होंने कहा भारत विश्व स्तर पर सबसे अधिक मजबूत अनूठी संस्कृति वाला एक मात्र देश है जिसमे सभी धर्मों को समान आदर दिया जाता है।सभी धर्मों के त्यौहार बहुत ही आदर पूर्वक श्रद्धा से मनाये जाते हैं। हजारों वर्ष गुजरने के बाद भी महापुरुषों के बताए रास्ते पर चला जा रहा है। वेद व ग्रन्थों, पुराणों के श्लोक बोले जा रहे हैं। श्रीमद भागवत गीता का महोत्सव हर वर्ष मनाया जाता है।

# आदि शक्ति मां कण-कण में निवास करती है : भद्रा


पानीपत। श्रीदेवी कथा करती दिव्य ज्योति जागृती संस्थान की साध्वी सुश्री भद्रा भारती। फोटो : हरिभूमि

- मंगलाचरण व देवी-देवताओं के आह्वान से श्री देवी कथा का शुभारंभ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के तहसील कैंप क्षेत्र के फतेहपुरी चौक के रामलीला ग्राउंड में मंगलवार को पांच दिवसीय श्रीदेवी कथा का शुभारंभ हुआ। वहीं, कथा की शुरुआत मंगलाचरण और देवी देवताओं के आह्वान से हुई। जिसके बाद दिव्या ज्योति जागृती संस्थान की साध्वी सुश्री भद्रा भारती ने कथा करते हुए कहा कि आदि शक्ति मां कण-कण में निवास करती है। मां सर्वव्यापी रूप में है, मां के भक्त नवरात्रों में उपवास रखकर मां को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि वर्ष में दो बार आते हैं दोनों ही बार ऋतु परिवर्तन का समय होता है इन दिनों हमें विशेष खानपान का ध्यान रखने की जरूरत होती है, दूसरा नवरात्रों के दिनों में देवी के तीन रूपों की उपासना करने की भी परंपरा है। इस अवसर पर बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# तकनीकी शिक्षा लेकर आगे बढ़ें विद्यार्थी : डॉ. मलिक


पानीपत। आईबी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी कॉलेज में एमडीसी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए लोगो मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। वहीं, प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने कहा कि आज का युग तकनीकी युग है, वहीं 'लोगो' वह है जिसे कोई कंपनी या संगठन अपने विशेष चिन्ह के रूप में प्रयोग करती है तथा यह चिन्ह विशेष रूप से उस कंपनी की छवि और ब्रांड को दर्शाता है। वहीं, ग्रामीण विपणन विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम मदान ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिता करवाने से विद्यार्थियों में संचार स्किल्स विकसित होती हैं और ऐसी गतिविधियां करवाने से विद्यार्थियों कासर्वांगीण विकास भी होता है। इधर, प्रतियोगिता में प्रियंका व अंकित कुमार प्रथम, अमन व ख़ुशी द्वितीय, ज्योति व अंजलि तृतीय रही।

## छात्राओं को कानून के प्रति जागरूक किया

- गलत कार्य करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी

**पानीपत।** जिला पुलिस, महिला विरूद्ध अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस की और से मंगलवार को निजामपुर गांव के सरकारी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, छात्राओं को महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे जागरूक किया। थानेदार हुडा सेक्टर 13/17 किरण ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी कीमत पर गलत बर्दाश्त न करें। जैसे ही महसूस हो कि गलत होने वाला या हो रहा है, विरोध करें और पुलिस को शिकायत करें। उन्होंने भरोसा दिया कि गलत कार्य करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

## शराबी वाहन चालकों पर सख्त हुई पुलिस

- 25 वाहन चालकों के चालान काटे

**पानीपत।** जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से चलाए अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस द्वारा गलत लेन में वाहन चलाने के 275, ध्वनि प्रदूषण करने के छह, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के तीन तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 25 वाहन चालकों के चालान काटे गए। पुलिस ने इस दौरान सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने, सुरक्षित गति से वाहन चलाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी। इधर, कप्तान भूपेंद्र सिंह ने साफ किया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाले वाहन चालकों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

# लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसोसिएशन का हुआ गठन


पानीपत। लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसोसिएशन, हरियाणा के प्रधान सोहन पाल राणा ने बताया कि पानीपत जिला में लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसोसिएशन का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि डॉ. सुरेंद्र देशवाल, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव दरियापुर को पानीपत जिला का प्रधान, सरिता, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव सुताना को उपप्रधान, विकास, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव बबैल को कोषाध्यक्ष, सचिव पद की जिम्मेदारी रविंद्र, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव आदियाना, सहसचिव पद पर भारती गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव काबड़ी को नियुक्त किया गया है।

# बास्केटबॉल खिलाड़ी साहिल सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

भारतीय बास्केटबॉल टीम के खिलाड़ी साहिल निवासी गांव अहर जिला पानीपत का गांव इसराना पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। ग्रामीण साहिल को जुलूस के रूप में गांव अहर के बास्केटबॉल खेल मैदान तक लेकर गए। स्मरणीय है कि साहिल ने साउदी अरब में आयोजित बास्केटबॉल खेलों में भाग लिया था।

**स्वागत करने वालों में ये मौजूद रहे**

दूसरी ओर, साहिल का स्वागत करने वालों में दीपक शर्मा, चांद राम फौजी, धूप सिंह, देवेन्द्र सैन, सुकरपाल, विक्रम सिंह, लक्ष्मण, सुमेर सिंह, राममेहर, रणबीर सिंह, चांद सिंह खैंची, रामप्रसाद, नफे सिंह, रामपाल, अनिल पहलवान, सुरेन्द्र सिंह, नरेश कुमार, दर्शन सिंह, सुल्तान सिंह आदि उपस्थित रहे।

**ग्राम पंचायत मनाना**
खण्ड समालखा जिला पानीपत (हरियाणा)
M. 8684810101, 8816839387

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मनाना निम्न कार्य करवाना चाहती है जो निम्न प्रकार हैं:
(1) नारायणा रोड़ से लेकर सोसाइटी तक गली व नाली की मरम्मत करवानी है।
(2) सोसाइटी से लेकर प्रकाश के घर तक गली व नाली की मरम्मत करवानी है।
(3) मुकेश पंडित के घर से कब्रिस्तान तक गली व नाली की मरम्मत करवानी है।
(4) Boys School से Banquet Hall तक गली व नाली की मरम्मत करवानी है।
(5) कश्यप चौपाल से नारायण रोड़ तक गली व नाली की मरम्मत करवानी है।
(6) भीमे कुम्हार की गली का निर्माण करवाना है।
(7) कालसंज वाली गली मन्दीर से लेकर भगते के घर तक गली का निर्माण
उक्त कार्य लेबर रेट पर करने हेतु इच्छुक फर्म/सोसाईटी अपनी कोटेशन बंद लिफाफे में सरपंच ग्राम पंचायत मनाना के पास 06/12/2025 तक जमा करवाएं

हस्ता/- सरपंच ग्राम पंचायत मनाना
खण्ड समालखा, पानीपत

## करुणा मांटेसरी हाई स्कूल का 52वां स्थापना दिवस मनाया

# अनुशासित मेहनत से मिलती है सफलता

*जीवन में सफल होने के लिए शिक्षा और संस्कार बहुत जरूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। करुणा मांटेसरी स्कूल के स्थापना दिवस पर अतिथियों के साथ नन्हें मुन्ने विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के मॉडल टाऊन स्थित करुणा मांटेसरी हाई स्कूल का 52वां स्थापना दिवस स्कूल परिसर में धूमधाम से मनाया गया। वहीं कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद संजय भाटिया की धर्मपत्नी अंजू भाटिया, हिमांशु चावला, गुंजन भाटिया एवं पृथ्वी भाटिया ने शिरकत की। इधर, ज्योतिका भाटिया, डॉ. मानसी चावला प्रधानाचार्य शालू भाटिया ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। वहीं, नवीन भाटिया ने कहा कि शिक्षा से विद्यार्थियों को नैतिक और सामाजिक मूल्यों की समझ आती है, जबकि संस्कारों से उनका व्यक्तित्व विकसित होता है। जीवन में सफल होने के लिए शिक्षा और संस्कार बहुत जरूरी हैं। विद्यालय ही ऐसी जगह है जहां सभी भेदभाव खत्म कर सभी को एक साथ शिक्षा व संस्कार दिए जाते है। इधर, अंजू भाटिया ने कहा कि अनुशासित मेहनत से ग्रहण की गई शिक्षा ही इंसान को सफलता की राह दिखाती है। इस अवसर पर भाजपा नेता चेतन तनेजा, विजय सहगल, हिमांशु वीरमणि, साध्वी भाटिया, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जनता को एड्स के विरुद्ध जागरूक करने को शपथ ली


पानीपत। एड्स के विरुद्ध जनता को जागरूक करने की शपथ लेते हुए रेड क्रास का स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

- एड्स के प्रति जागरूकता ही इस संक्रमण को रोकने का सबसे प्रभावी साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में मंगलवार को एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक शपथ लेकर जिले के नागरिकों को एड्स के विरूद्ध जागरूक करने का संकल्प लिया। इधर, कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मैनेजर सुदेश ने कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता ही इस संक्रमण को रोकने का सबसे प्रभावी साधन है। एड्स कोई डरने की बीमारी नहीं, बल्कि समझने और सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सुरक्षित संबंध, एक बार उपयोग वाली सुई का प्रयोग, नियमित एचआईवी जांच और अफवाहों से दूर रहकर हम इस बीमारी से बच सकते हैं। वहीं, कार्यक्रम में मार्गदर्शन परामर्शदाता रविंद्र सामुदायिक सहयोगी अमित, संदीप, गुरप्रीत कौर उपस्थित रहे।

**ग्राम पंचायत मनाना**
खण्ड समालखा जिला पानीपत (हरियाणा)
M. 8684810101, 8816839387

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मनाना निम्न कार्य करवाना चाहती है जो निम्न प्रकार हैं:
(1) पंचायत घर की मरम्मत करवाई जाए, शैड लगवाना है, IPB Tiles or मिट्टी का भरत होना है।
(2) पंचायत घर में Multi Storj Library Hall का निर्माण होना है।
(3) Banquet Hall की अधूरी पड़ी दीवार का कार्य पूर्ण होना है व मिट्टी का भरत होना है।
(4) अजमेर के घर से लेट तक नाले का निर्माण करवाना है।
(5) भगवानादास मास्टर की गोहर का निर्माण करवाना है।
(6) BC कॉलोनी के रास्ते में मिट्टी भरत करवाना है।
उक्त कार्य लेबर रेट पर करने हेतु इच्छुक फर्म/सोसाईटी अपनी कोटेशन बंद लिफाफे में सरपंच ग्राम पंचायत मनाना के पास 06/12/2025 तक जमा करवाएं

हस्ता/- सरपंच ग्राम पंचायत मनाना
खण्ड समालखा, पानीपत

## खबर संक्षेप

### लीगल लिटरेसी कार्यक्रम संपन्न

**बराड़ा।** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराड़ा में आज खंड स्तरीय लीगल लिटरेसी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश मेहरा तथा गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल की प्रधानाचार्या मंजू बाला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में खंड बराड़ा के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### एचआईवी/एड्स के प्रति किया जागरूक

**बराड़ा।** विश्व एड्स दिवस 2025 के अवसर पर लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, पंचकूला द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों और समुदाय में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता, रोकथाम और संवेदनशीलता बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने की।

### सीआईए-2 ने चोरी के मामले में आरोपी पकड़ा

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज सोना जेवरात चोरी मामले में सीआईए-2 ने आरोपी विनय कुमार को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता धर्मबीर ने 19 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव शेखूपुरा में स्थित उसके घर से आरोपी ने सोने का सिक्का व सोना जेवरात चोरी किए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### हेरोइन सहित आरोपित को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ के श्याम शुद्ध वैष्णो ढाबा के पास से नशा तस्करी मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी धर्मेंद्र सिंह को 12 ग्राम 12 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। 1 दिसम्बर 2025 को सीआईए-नारायणगढ़ के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया। विधिनुसार तलाशी लेने पर उससे 12 ग्राम 12 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की।

### स्नेचिंग के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी बॉबी कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गय है। गांव बिहटा के साहिब कुमार ने 30 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 30 नवंबर 2025 को गांव बीहटा से मोटरसाईकिल सवार आरोपी ने उससे मोबाइल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### आईटीआई में रोजगार मेला पांच को

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 5 दिसंबर को आयोजित होने वाले मेगा जॉब फेयर एवं अप्रेंटिसशिप दृकमदृ रोजगार मेले को लेकर तैयारियां पूरी रफ्तार पर हैं। आयोजन में नए प्रावधान जोड़े गए हैं जिससे युवाओं को भर्ती प्रक्रियाओं, उद्योग मांग और करियर निर्माण की दिशा में अधिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### जिला बार एसोसिएशन के वकीलों ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को भेजा लेटर

# ऑनलाइन एफआईआर की पुरानी प्रक्रिया बहाल करे पुलिस, नई प्रक्रिया से परेशान

*पीड़ित, आरोपी और आम जनता को चल रहे मामलों की जानकारी मिल रही थी। डिस्ट्रिक बार एसो. के पूर्व प्रधान एडवोकेट रोहित जैन व एडवोकेट इकबाल सिंह ने बताया कि अब पोर्टल पर एफआईआर देखने व डाउनलोड करने की प्रक्रिया बदल दी गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा पुलिस के पोर्टल हर समय को लेकर डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के वकीलों ने पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह को एक लेटर भेजा। वकीलों ने कहा कि हरियाणा पुलिस की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए व आम जनता की सुविधा के लिए पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर हरियाणा पुलिस के पोर्टल "हर समय" पर अपलोड की जा रही थीं। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के "यंग बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया वर्सेस यूनियन ऑफ इंडिया" और राज्य स्तरीय प्रशासनिक सुधारों के निर्देशों के अनुपालन में उठाया गया था।

इस कदम से पुलिस की विवेकाधीन शक्ति और संभावित उत्पीड़न और दमन को कम करने में मदद मिली थी। साथ ही पुलिस की जवाबदेही मजबूत हुई थी। पीड़ित, आरोपी और आम जनता को चल रहे मामलों की जानकारी मिल रही थी। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट रोहित जैन व एडवोकेट इकबाल सिंह ने बताया कि अब पोर्टल पर एफआईआर देखने व डाउनलोड करने की प्रक्रिया बदल दी गई है। मोबाइल नंबर पर भेजे गए एक बार के पासवर्ड (ओटीपी) की आवश्यकता होती है। इस कदम से आम जनता, विशेष रूप से पीड़ितों, वकीलों, आरोपियों, मीडिया कर्मियों, अदालतों, उच्च पुलिस अधिकारियों और निगरानी निकायों को भारी कठिनाई हो रही है।



अंबाला। डीजीपी को भेजा लेटर दिखाते वकील।

#### ऑनलाइन एफआईआर पर ओटीपी अनिवार्यता पर उठे सवालः पारदर्शिता और सुगमता पर असर

ओटीपी की आवश्यकता के पीछे यह तर्क दिया जा रहा है कि कि कुछ व्यक्ति पोर्टल से एफआईआर डाउनलोड करके साइबर अपराध कर रहे हैं। वकीलों ने कहा कि यह बात बिल्कुल भी तर्कसंगत नजर नहीं आती। जैन ने कहा कि देश में अदालतों में लंबित और निपटाए गए सभी मुकदमों के विवरण, आदेश और निर्णय ऑनलाइन उपलब्ध हैं। इसके लिए किसी ओटीपी की आवश्यकता नहीं है। इस कदम ने अदालतों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही तय हुई है। न्यायिक प्रणाली पर जनता का विश्वास मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि ओटीपी प्रणाली की शुरुआत से एफआईआर अपलोड करने का मूल उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और आसान सार्वजनिक पहुंच के लिए विफल हो गया है। अदालतों, वकीलों और पीड़ितों, आरोपियों, मीडिया कर्मियों आदि के लिए भारी असुविधा पैदा कर रहा है। वकीलों ने डीजीपी से अनुरोध किया है कि वे मामले में उचित कदम उठाएं। ऑनलाइन एफआईआर तक पहुंच के लिए पहले अपनाई गई प्रक्रिया को बहाल किया जाए।




शहजादपुर। निशुल्क ई. रिक्शा की शुरूआत करते ग्रामीण।

## ग्रामीणों को मुफ्त में मिलेगी ई. रिक्शा की सुविधा, पंचायत ने की शुरूआत

- शहजादपुर माजरा की पंचायत ने ग्रामीणों के लिए शुरू की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

शहजादपुर माजरा की पंचायत ने ग्रामीणों के लिए मुफ्त ई रिक्शा की शुरूआत की है। पंचायत द्वारा मंगलवार को उक्त ई रिक्शा का रिबन काटकर मुफ्त सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान सरपंच ,पंच,भारत विकास परिषद के सदस्यों सहित गांव के अन्य लोग भी मौजूद रहे। माजरा की सरपंच नेहा शर्मा ने बताया कि पूरे खंड के अलावा भी सारे जिले में किसी भी पंचायत द्वारा इस तरह की सेवा लोगों को नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे गांव से बीडीपीओ कार्यालय,सब तहसील और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काफी दूरी पर स्थित है। जिसके कारण काफी लोग वहां तक नहीं पहुंच पाते। या फिर काफी मशक्कत कर पैदल ही जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि काफी बार जब भी किसी काम से बीडीपीओ कार्यालय जाना हुआ तो देखा कि बुजुर्गों के साथ महिलाएं भी पैदल चलकर अस्पताल या फिर बीडीपीओ ऑफिस जा रही होती हैं। उन्होंने कहा कि माजरा पंचायत ने यह मुफ्त ई रिक्शा सेवा लोगों की समस्या को देखते हुए ही शुरू की है। सरपंच ने बताया कि इसके लिए एक मोबाइल नंबर 9485661061 जारी किया है। गांव से कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति जिसको सरकारी अस्पताल, बीडीपीओ ऑफिस या फिर सब तहसील में जाना हो तो वह इस मुफ्त ई रिक्शा सेवा को दिए गए नंबर पर फोन कर बुला सकता है। ई रिक्शा फोन करने वाले व्यक्ति को उसके घर से लेकर भी जाएगी और वापिस भी छोड़कर जाएगी। पंचायत की इस पहल को आम लोगों सहित भारत विकास परिषद के सदस्यों ने भी सराहा। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा गांव के लोगों को दी गई यह मुफ्त ई रिक्शा सेवा बहुत सराहनीय कदम है। लोगों ने कहा कि कई बार उनके पास सरकारी अस्पताल या फिर बीडीपीओ ऑफिस जाने के लिए कोई साधन नहीं होता जिस कारण उन्हें पैदल ही जाना पड़ता है।पंचायत द्वारा लोगों की सेवा में समर्पित की गई मुफ्त ई रिक्शा सेवा की क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

## लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस में यात्री से मारपीट डीआरएम ने आरपीएफ को जांच के आदेश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से लखनऊ–चंडीगढ़ एक्सप्रेस में एक यात्री के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यात्री कपिल शर्मा, जो बरेली जाने के लिए ट्रेन में सवार हुए थे, ने आरोप लगाया है कि यात्रा शुरू होते ही कुछ सहयात्रियों ने उनसे सीट को लेकर झगड़ा किया और देखते ही देखते बात मारपीट तक पहुंच गई। अंबाला डीआरएम ने आरपीएफ को जांच के निर्देश दिए हैं। घटना 29 नवंबर की बताई जा रही है। यात्री कपिल शर्मा के अनुसार, वे जैसे ही अंबाला कैंट स्टेशन से ट्रेन में चढ़े, उन्हें अपनी सीट तक पहुंचने में कुछ यात्रियों से दिक्कत हुई। सीट पर जाने को लेकर बहस शुरू हुई और कुछ ही क्षण में विवाद बढ़ गया। आरोप है कि कुछ यात्रियों ने उन्हें धक्का देकर मारपीट की और धमकाया। कपिल ने बताया कि वे अकेले थे, जबकि आरोपियों की संख्या 3 से 4 थी। इससे वे अपना बचाव भी ठीक से नहीं कर पाए।

#### चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका

पीड़ित यात्री ने बताया कि उन्होंने तुरंत "रेल मदद" हेल्पलाइन और ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, ट्रेन पहले ही चल चुकी थी और मारपीट करने वाले यात्रियों ने हालात खराब होते देख चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोका और अगले स्टेशन से उतरकर मौके से फरार हो गए। कपिल के अनुसार, उन्होंने उम्मीद की थी कि पुलिस मौके पर पहुंचेगी या ट्रेन को कंट्रोल के माध्यम से रोका जाएगा, लेकिन किसी प्रकार की त्वरित कार्रवाई नहीं हो सकी।पीड़ित यात्री कपिल शर्मा ने मामले की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर भी सांझा की। उन्होंने इस पोस्ट में रेल मंत्री, रेल मंत्रालय, उत्तर रेलवे और अंबाला डिवीजन को टैग करते हुए मदद की गुहार लगाई। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीआरएम कार्यालय ने आरपीएफ अंबाला को मामले की जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। अब उन यात्रियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है जिन्होंने यात्री से मारपीट की है।

## वाहन चालकों को दी यातायात की जानकारी दो पहिया वाहन चालकों को पहनाए हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

पुलिस द्वारा यातायात के नियमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत कस्बा में यातायात पुलिस थाना प्रभारी अमित कुमार और पुलिस थाना प्रभारी अशोक कुमार ने राष्ट्रीय राजमार्ग व ईंट भट्ठों पर जाकर लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। यातायात पुलिस थाने के प्रभारी अमित कुमार ने दो पहिया वाहन चालकों को नियमों के बारे जागरूक करते हुए हेलमेट भी पहनाए। प्रभारी अमित कुमार ने वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जब भी घर से दोपहिया वाहन पर निकलें तो सिर पर हेलमेट अवश्य पहने। उन्होंने कहा कि चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट पहने और शराब पीकर या फिर अन्य किसी भी प्रकार के नशे का सेवन कर वाहन नही चलाना चाहिए,क्योंकि किसी भी तरह के नशे का सेवन कर वाहन चालक अपनी और दूसरों की जिंदगी जोखिम में डाल देता है।



शहजादपुर। वाहन चालकों को हेलमेट पहनाते यातायात प्रभारी।

#### यातायात के नियमों का पलन करना जरूरी

थाना प्रभारी ने कहा कि कभी भी वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। इसी के साथ वाहन चालक को अपने वाहन के सभी कागजात भी साथ रखने चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए ताकि अपनी और दूसरों की जिंदगी बचाई जा सके। अमित कुमार ने कहा कि यातायात के नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए यातायात पुलिस समय समय पर जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक करती है और अगर फिर भी वाहन चालक यातायात के नियमों का पालन नही करता तो चेकिंग अभियान चलाया जाता है।

## स्थापना दिवस पार्टी की मजबूती की पहचान

### पूर्व उपमुख्मंत्री दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश, जुलाना रैली के लिए दिया निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मनदीप बोपाराय के आवास पर हेमामाजरा गांव में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अंबाला तथा यमुनानगर जिलों के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। आगामी 7 दिसंबर को जुलाना में होने वाले जेजेपी स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए यह बैठक विशेष रूप से बुलाई गई थी। बैठक के दौरान स्थापना दिवस कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की गई और प्रत्येक पदाधिकारी को उसकी जिम्मेदारी सौंपी गई। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि स्थापना दिवस पार्टी की पहचान और मजबूती का प्रतीक है इसलिए इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने जिला व हल्का स्तर के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं को जोड़ें। उन्हें रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं को 7 दिसंबर की रैली का न्यौता भी दिया और कहा कि जुलाना में होने वाला यह समारोह जननायक जनता पार्टी की ताकत और एकजुटता का संदेश पूरे प्रदेश में देगा।



मुलाना। हेमामाजरा गांव में पहुंचते पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरजीत सौंडा, डॉ. रविंद्र धीन, हल्का अध्यक्ष शमशेर राणा, अंबाला शहरी हल्का अध्यक्ष अमरेंद्र सौंटा, नारायणगढ़ हल्का अध्यक्ष नायब गुज्जर, अंबाला कैंट हल्का अध्यक्ष अवतार करधान, जिला प्रवक्ता डॉ. एमएस ढिल्लों, किसान सैल सचिव राकेश सुल्लर, आकाश गुंबर, किरण पुनिया, यमुनानगर जिलाध्यक्ष इंतजार अली, जरनैल पंजेटा, दमन शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने दुष्यंत चौटाला को आश्वस्त किया कि इस बार स्थापना दिवस कार्यक्रम को पहले से भी अधिक भव्य और सफल बनाया जाएगा।

### नगर परिषद ने चलाया सफाई अभियान

**अंबाला।** नगर परिषद की टीम ने मंगलवार को अंबाला कैंट के रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के बाहर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने हाईवे पर अतिक्रमण करने वालों को हटाया। मुख्य सफाई निरीक्षक सुनील दत्त ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि अगर दुकानों के बाहर गंदगी मिली तो उन पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इस दौरान नगर परिषद की टीम ने कई स्थानों से कूड़ा भी उठाया। मुख्य सफाई निरीक्षक सुनील दत्त ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई रखी जा रही है। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड के बाहर तीन दिन पहले भी सफाई अभियान चलाया गया था। अभी सभी रेहड़ी, होटल आदि संचालकों को चेताया गया है कि जुर्माने के साथ-साथ चालान की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## सैन माजरा को सोलर गांव के रूप में विकसित करने की चल रही तैयारी

- उपभोक्ताओं को बिजली निगम की ओर से बांटे गए सब्सिडी चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

गांव सैन माजरा को सोलर गांव के रूप में विकसित करने की योजना पर काम किया जा रहा है। यहां लगातार जागरुकता कैंप लगाकर ग्रामीणों को सूर्य घर योजना का लाभ दिया जा रहा है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालक मंडल ये कार्य कर रहा है। सरदार पटेल लाइब्रेरी में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार के लिएजागरूकता कैंप आयोजित किया गया। अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने गांव सैन माजरा को मॉडल सोलर गांव के रूप में विकसित करने का लक्ष्य बिजली निगम के उपमंडल अधिकारी को दिया है। उन्होंने उपस्थित ग्राम वासियों व लाभार्थियों से अनुरोध किया कि सभी उपभोक्ता अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाएं। लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्य सचिव ने 7 नवंबर को इंद्रधनुष स्टेडियम पंचकूला में पुस्तक मेले के उद्घाटन के दौरान किया था।लाइब्रेरी में 20 बच्चों के वातानुकूलित माहौल में बैठने के साथ-साथ एलईडी, चार कंप्यूटर सहित पूर्णतया वाई-फाई की सुविधा है। जिसमें 1748 पुस्तकें, जिनमें विशेष रूप से हर प्रकार के एग्जाम की तैयारी की किताबें उपलब्ध है।

### इफको एजेंसी फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा दे 9.53 लाख ठगे

**कैथल।** गांव फरल में एक व्यक्ति को खाद की इफको एजेंसी फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा दे 9.53 लाख रुपए ठग लिए। आरोपी ने पहले व्यक्ति को फोन किया। इसके बाद उसे एजेंसी दिलाने का झांसा दिया और फिर रुपए ले लिए। इसके बाद शिकायतकर्ता को न एजेंसी दिलाई और न ही ली गई राशि वापस दी। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में गांव फरल निवासी मनफूल सिंह ने बताया कि 25 सितंबर को उसके पास अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि वह इफको की एजेंसी लोगों को दिलवाता है और उसे भी एजेंसी दिलाने की बात कही। साथ ही कहा कि इस एजेंसी के जरिए वह मोटा मुनाफा कमा पाएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। उसने 25 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक आरोपी को अलग-अलग समय में 9.53 लाख रुपए खाते में जमा करवा दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### वार्डबंदी के लिए तय समिति में बीसी बी का कोई सदस्य न होने से नेताओं ने जताया ऐतराज

# निगम की वार्डबंदी पर फंसा पेंच, चुनाव पर पड़ सकता है असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम की प्रस्तावित वार्डबंदी को लेकर फिर पेंच फंस गया है। नई वार्ड लिस्ट तैयार करने में जुटी वार्डबंदी समिति में बीसी वर्ग का कोई सदस्य शामिल न होने पर कई नेताओं ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जिस समिति के जरिए पूरे शहर के वार्डों की संरचना तय होनी है, उसमें सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व होना आवश्यक है। बीसी वर्ग की अनुपस्थिति के कारण अब ड्रॉ प्रक्रिया पर भी सवाल उठने लगे हैं। पंचकूला में आयोजित बैठक में मेयर पद के आरक्षण हेतु ड्रॉ निकाला जाना था। लेकिन वार्डबंदी की स्थिति स्पष्ट न होने और समिति में विविध प्रतिनिधित्व न होने की वजह से ड्रॉ को रोकना पड़ा। अधिकारियों का कहना है कि जब तक बीसी-बी वर्ग के लिए आरक्षित होने वाले वार्डों की पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक मेयर पद के आरक्षण का ड्रॉ निकालना संभव नहीं है।



अंबाला। नगर निगम का बाहरी दृश्य।

#### वार्ड आरक्षण में देरी से नगर निगम चुनाव तैयारियों पर संकट

इस प्रक्रिया के लंबित होने से नगर निगम चुनाव की तैयारियों पर भी असर पड़ सकता है। माना जा रहा है कि नई वार्ड सीमाओं और आरक्षण सूची को अंतिम रूप देने में अभी और समय लग सकता है। इस बार अंबाला नगर निगम में तीसरी बार बीसी-बी वर्ग का वार्ड भी आरक्षित किया जा सकता है। पहले से ही एससी के तीन, बीसी के तीन और महिलाओं के वार्ड तय किए जाने की तैयारी चल रही है। बाकी सात वार्डों को सामान्य श्रेणी में रखा जाएगा। परंतु बीसी-बी वर्ग के लिए किस वार्ड को आरक्षित किया जाए, इस पर समिति में असहमति बनी हुई है। कहा जा रहा है कि यदि समिति में बीसी वर्ग का सदस्य होता तो आरक्षण प्रक्रिया और सहजता से आगे बढ़ सकती थी। अब यह फैसला ड्रॉ पद्धति से ही निकलने की संभावना है। ड्रॉ के माध्यम से ही अंतिम सूची का निर्धारण किया जाएगा। नगर निगम स्रोतों के अनुसार, 20 वार्डों में से 3 वार्ड एससी, 3 बीसी, 3 महिला, एक बीसी-बी महिला और सात सामान्य वार्ड हो सकते हैं। इसके अलावा एक वार्ड बीसी-बी श्रेणी का भी शामिल किया जा सकता है। पिछले चुनावों में भी बीसी-बी वर्ग को वार्ड दिया गया था, और इस बार भी वही पेटर्न दोहराया जा सकता है। लोगों का कहना है कि यदि आरक्षण और वार्डबंदी में संतुलन नहीं रहा तो चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल सकते हैं।